वार्षिक आकलन – मार्च 2017
कक्षा– 6
विषय – गृह विज्ञान

अधिकतम अंक : 80 | समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. मकान बनाते समय ध्यान देने योग्य बातें हैं:– 1
(क) दिशा (ख) वायु व प्रकाश का प्रबन्ध
(ग) भूमि (घ) उपर्युक्त सभी

2. सूखे रंगों व फूलों से क्या बनाया जाता है? 1
(क) अल्पना (ख) चौकपूरन
(ग) रंगोली (घ) सभी

3. फूलों को अधिक समय तक ताजा रखने के लिए पानी में .... डालना चाहिए। 1
(क) चीनी (ख) नमक
(ग) तेल (घ) हल्दी

4. वस्त्र हमारे शरीर की .... से रक्षा करते हैं। 1
(क) अंधरे (ख) कीटाणुओं
(ग) पशुओं से (घ) धुंऐ से

5. सजावट से क्या तात्पर्य है? 1
(क) मूल्यवान वस्तुओं से सजाना (ख) रंगीन वस्तुओं से सजाना
(ग) महगें फूलदानों से सजाना (घ) घर सुव्यवस्थित व सुन्दर बनाना

6. बुनाई में ....गाँठ लगाई जाती है। 1
(क) बीच में (ख) ऊपर
(ग) नीचे (घ) किनारे पर

7. पुष्प सज्जा की कौन सी शैली अमेरिकन पद्धति कहलाती है? 1
(क) समूहबद्ध व्यवस्था (ख) रेखीय व्यवस्था
(ग) दोनों का मिश्रित रूप (घ) इकेबाना

8. अपनी आदतों पर किया गया खर्च .... कहलाता है। 1
(क) सामाजिक खर्च (ख) व्यक्तिगत खर्च
(ग) पारिवारिक खर्च (घ) सरकारी खर्च

9. सामायिक सफाई का अर्थ है:– 1
(क) ऋतु के अनुसार (ख) समय के अनुसार
(ग) साप्ताहिक (घ) दैनिक सफाई

10. खाना खाने के पश्चात् दिया जाना चाहिए:– 1
(क) मीठी–वस्तु या फल (ख) पान, सौंफ, गुड़
(ग) दोनों सही (घ) दोनों गलत

11. वातावरण की सफाई को कितने भागों में बांटा गया है? 1
(क) छः (ख) पाँच
(ग) चार (घ) तीन

Download from www.MsEducationTv.com

12. सजावट के सिद्धान्त हैं :– 1

(क) रंग (ख) बनावट

(ग) रेखा (घ) अनुपात

13. घेरों को मोड़ने के लिए हाथ से किया जाने वाले टाँका क्या कहलाता है? 1

(क) सिलाई (ख) बुनाई

(ग) तुरपाई (घ) कढ़ाई

14. फूल तोड़ने का उपयुक्त समय है:– 1

(क) दोपहर (ख) रात

(ग) सबुह/शाम (घ) किसी भी समय

15. ....मोतीदाना बार्डर का दूसरा नाम है। 1

(क) सीधी बुनाई (ख) छोटी गांठ की बुनाई

(ग) उल्टी बुनाई (घ) फंदा

16. रसोई घर की मुख्य आवश्यकताऐं कौन–कौन सी हैं? उनके नाम लिखो। 2
17. कैल्शियम की अधिकता से बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2
18. दैनिक सफाई के अन्तर्गत आने वाले कार्य लिखें। 2
19. फंदे कितने प्रकार से डाले जाते हैं? 2
20. पुष्प सज्जा के लिए कौन–कौन सी वस्तुएँ आवश्यक हैं? 2
21. वस्त्र मनुष्य के लिए सभ्यता के प्रतीक हैं। स्पष्ट करिए। 2
22. भोजन से क्या अभिप्राय है? यह हमारे शरीर के लिए क्यों आवश्यक है? 2
23. वस्त्रों की धुलाई के उपकरणों के नाम लिखो। 2
24. रंगाई के लिए किन उपकरणों की आवश्यकता होती है? 2
25. कृत्रिम तन्तु किस प्रकार बनाए जाते हैं? 2
26. प्रोटीन शरीर के लिए क्यों आवश्यक है? इसके विभिन्न प्रकार लिखें। 3
27. पौधों से प्राप्त होने वाले भोज्य पदार्थ कौन–कौन से हैं? 3
28. 'भोजन परोसना एक कला है'। इस कथन की पुष्टि करो। 3
29. खरीददारी करते समय ध्यान रखने योग्य कोई तीन सावधानियाँ लिखो। 3
30. ईंधन की फिजूलखर्ची से कैसे बचा जा सकता है? 3
31. काँच के बर्तन साफ करने की विधि लिखो। 3
32. जन्तुओं से प्राप्त होने वाले भोज्य पदार्थों के विषय में लिखो। 3
33. कढ़ाई का क्या महत्त्व है? कढ़ाई के लिए प्रयोग होने वाले तीन टाँकों के नाम लिखो। 3
34. भोजन परोसने की विभिन्न विधियों का संक्षिप्त वर्णन करो। 3
35. विद्युत उपकरणों का प्रयोग करते समय क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? 3
36. रंगीन और सफेद दुपट्टा रंगने के लिए आवश्यक सामग्री तथा सावधानी के विषय में लिखें। 5
37. वस्त्र धोते समय क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? 5
38. धातु से बनी वस्तुओं को साफ रखने के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? 5

Download from www.MsEducationTv.com